सेठ आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय

रामगढ़-शेखावाटी (सीकर) राजस्थान-331024

Email- rnruiagovtcollege@yahoo.com Ph. :-01571-240230

(Accredited 'B' Grade by NAAC, UGC)

क्रमांक :

दिनांक 16.7.2018

आज दिनांक 16.7.2018 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में दोपहर 3:00 बजे माननीय प्राचार्य जी की अध्यक्षता में IQAC की बैठक आहूत की गई जिसमें विगत बैठक से अभी तक के सम्पन्न हुए विभिन्न शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक कार्यों व गतिविधियों की रिपोर्ट्स पर विचार किया गया। नवीन सत्र में उच्च शैक्षणिक स्तर बनाए रखने एवं आधारभूत शैक्षिक सुविधाओं के निरन्तर विकास के बाबत निम्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया :-

1. नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा प्रत्येक अध्ययनरत विद्यार्थी की स्वयं की Email ID बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाकि विद्यार्थियों का सम्पूर्ण Data Base तैयार किया जा सके एवं प्रभावी "Students' Feedback Mechanism" विकसित किया जा सके।

2. "Students' Feedback Mechanism" के साथ-साथ "Parents' Feedback Mechanism" भी तैयार किया जा सकता है जिससे अभिभावकों की महाविद्यालय के प्रति अपेक्षाओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके।

3. महाविद्यालय में Inter-faculty सेमिनार, संगोष्ठी व अन्य गतिविधियों के आयोजन किए जाएं ताकि विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में ज्ञान-संवर्धन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण उपलब्ध करवाया जा सके।

सेठ आर. एन. रूईया राजकीय महाविद्यालय

रामगढ़-शेखावाटी (सीकर) राजस्थान-331024

Email- rnruiagovtcollege@yahoo.com Ph. :-01571-240230

(Accredited 'B' Grade by NAAC, UGC)

क्रमांक : दिनांक......................

4. स्वच्छ पेय जल की समुचित व्यवस्था हेतु R.O. की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जाए।

5. संकाय सदस्यों को शिक्षण के परम्परागत माध्यमों के साथ-साथ महाविद्यालय में उपलब्ध Smart Class, अन्य तकनीकी उपकरणों एवं माध्यमों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाए।

6. महाविद्यालय में स्थित Water Harvesting System की समय-समय पर मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए प्रयास किए जाएं।

7. महाविद्यालय परिसर को अधिक Eco-friendly बनाने एवं बिजली की बचत के उद्देश्य से महाविद्यालय में Solar Panel लगवाने की दिशा में प्रयास किए जाए।

8. महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सदस्यों तथा विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य हेतु Gym के उपकरणों के क्रय के बारे में विचार किया जाए।

(signatures)

Ashok